# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)


No:259/NCRES/20 Date: 18.11.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— रेल आवासों के रख—रखाव के लिये ग्रुप ''सी'' एवं ''डी'' के कर्मचारियों के आवासों का जोन वर्क सर्विस बिल्डिंग तथा अधिकारी आवासों के जोन वर्क से अलग करना।

सन्दर्भः—(i) NCRES PNM मद संख्या 5/9/2014
(ii) NCRES का पत्र सं. 189/NCRES/19 दिनांक 9.7.2019
(iii) NCRES के PNM बैठक दिनांक 25/26 फरवरी 2020 का प्रारम्भिक भाषण।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में NCRES ने बार—बार अवगत कराया है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में ग्रुप 'C' एवं ग्रुप 'D' के कर्मचारियों के आवास की दशा बेहद दयनीय है क्योंकि सर्विस बिल्डिंग सहित अधिकारी आवास का जोन वर्क एवं ग्रुप 'C' एवं ग्रुप 'D' कर्मचारियों के आवासों का जोन वर्क एक साथ है और जोन वर्क के स्वीकृत धन का बड़ा हिस्सा सर्विस बिल्डिंग एवं अधिकारी आवास के रख—रखाव में खर्च कर दिया जाता है, इसी कारण NCRES ने ग्रुप 'C' और 'D' के कर्मचारियों के आवासों के रख—रखाव के लिये अलग जोन बनाने का मुद्दा PNM बैठक में उठाया और PNM बैठक में जोन वर्क अलग—अलग करने का आश्वासन तो हमेशा दिया जाता रहा लेकिन इस सम्बन्ध में मण्डल द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 23 जनवरी 2019 की पी.एन.एम. बैठक में मद संख्या 5/9/2014 पर यह निर्णय लिया गया था कि आगरा एवं प्रयागराज मंडल में अधिकारी आवास एवं सर्विस बिल्डिंग के जोन वर्क को ग्रुप 'C' एवं ग्रुप 'D' कर्मचारियों के जोन वर्क से अलग किया जाएगा परन्तु आज तक आगरा एवं विशेषकर प्रयागराज मंडल में ऐसा नही किया गया है।

इसके अतिरिक्त 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में महाप्रबन्धक के समक्ष पुनः इस मुद्दे को उठाया गया तो अवगत कराया गया कि प्रयागराज और आगरा मण्डल को निर्देश दे दिया गया है, लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि प्रयागराज मण्डल और आगरा मण्डल द्वारा ग्रुप 'सी' व 'डी' के आवासों का जोन वर्क अलग नही किया गया है जिससे NCRES कैडर एवं कर्मचारियों में बेहद रोष है।

NCRES का अनुरोध है कि ग्रुप 'C' व 'D' के कर्मचारियों के आवासों का रख—रखाव ठीक ढ़ंग से होने के लिये कर्मचारियों के आवासों का जोन वर्क और सर्विस बिल्डिंग तथा अधिकारियों के आवासों का जोन वर्क अलग—अलग किया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री